# प्रदेश को जल्द मिलेगी 5000 इलेक्ट्रिक बसों की सौगात

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार परिवहन निगम की बसों को इलेक्ट्रिक बसों से बदलने की योजना पर काम कर रही है। इसके तहत 5000 इलेक्ट्रिक बसों के लिए 14 जून को टेंडर प्रक्रिया होने जा रही है। जल्द ही प्रदेश को प्रदूषण रहित 5000 इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिलेगी।



■ टेंडर प्रक्रिया 14 को, अनुबंध के आधार पर होगा चयन

मंत्री ने बताया कि प्रथम चरण में प्रयागराज, आगरा एवं गाजियाबाद क्षेत्रों से जुड़े जिलों के बीच लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली इलेक्ट्रिक बसें लगाई जाएंगी। प्रयागराज से निकटवर्ती जिले जैसे बनारस, कानपुर, विंध्याचल धाम, चित्रकूट, अयोध्या व लखनऊ आदि को जोड़ा जाएगा। आगरा एवं गाजियाबाद क्षेत्र के निकटवर्ती जिलों को भी इलेक्ट्रिक वाहनों से जोड़ा जाएगा। इलेक्ट्रिक बसें पर्यावरण हितैषी होने के साथ-साथ आरामदायक भी हैं। यें बसें अनुबंध के आधार पर लगाई जाएंगी। बसों पर रखे जाने वाले चालक बस मालिक ही रखेंगे। इसके अलावा परिचालक वाहन मालिक स्वयं भी रख सकते हैं अथवा यूपीएसआरटीसी भी उपलब्ध कराएगी। इलेक्ट्रिक बसों का किराया वर्तमान में चल रही तीन व दो सीटर एसी बसों के बराबर ही होगा।